साहस सच दिखाने का
भारत दर्शन
www.bharatdarshannews.com




## FARIDABAD

### अग्रवाल कॉलेज के छात्र अंतरराष्टीय शूटर अनमोल जैन का हुआ कॉलेज में अभिनन्दन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Tuesday,08 August , 2023)



Bharat Darshan Faridabad News, 08 August 2023 : अग्रवाल कॉलेज के एम.ए.अर्थशास्त्र के छात्र एवं अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का मंगलवार को कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधन की ओर से गाजे-बाजे के साथ जोरदार अभिवादन किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्रॉचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता सहित अन्य शिक्षिकों व गैरशिक्षिकों ने अनमोल का फूल मालाओं व मिठाई खिलाकर स्वागत किया और उसे जीवन में तरक्की करने का आर्शीवाद दिया। निशानेबाज अनमोल जैन ने चाइना के शहर चैंगडू में 28 जुलाई से प्रारंभ हुए फीसू वल्ड यूनिवर्सिटी समर गेम्स-2021 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कजाकिस्तान के खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक (टीम इवेंट) में प्राप्त किया। अनमोल जैन के साथ उनकी टीम में अर्जुन चीमा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर एवं वरुण तोमर, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ थे। कॉलेज के प्रॉचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि अनमोल जैन बल्लबगढ़ शहर का ही नहीं अपितु पूरे भारतवर्ष का शूटिंग में एक होनहार खिलाड़ी है, जिसने पहले भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर केवल अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ का ही नहीं अपितु पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अनमोल आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। उन्होंने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया। अनमोल की उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता जी, उपाध्यक्ष डॉ.वासुदेव गुप्ता, सचिव विनोद मित्तल और कोषाध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने अनमोल को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसे अतिरिक्त कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता डॉ. जगबीर सिंह, खेल-कूद संयोजक डॉ के.ेएल. कौशिक, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ नरेश कामरा, डॉ. गीता गुप्ता, अन्य प्राध्यापकों, उप-अधीक्षक मनमोहन सिंगला ने बधाई दी।